
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, बुधवार, 4 फरवरी 2026

## सुविचार



जिस समय जिस काम के लिए प्रतिज्ञा करो, ठीक उसी समय पर उसे करना ही चाहिये, नहीं तो लोगों का विश्वास उठ जाता है।
- स्वामी विवेकानंद

## बरेली के प्रमुख समाचार


- सिटी स्टेशन रोड पर पहले दिन ही जाम ने किया हलकान -II
- तीन सौ बेड हॉस्पिटल पीपीपी मॉडल पर संचालित कराने की तैयारी-III
- लाइफ स्टाइल में बदलाव और एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव-IV


## सिटी ब्रीफ

### रुविवि के स्थापना दिवस पर दिखेगा खेल प्रतिभा का जोश

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर 13 फरवरी को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में खेल विभाग की ओर से आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न संकायों और विभागों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स की 100, 200 और 400 मीटर दौड़, शूटिंग पिस्टल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस शामिल हैं। खेलों की शुरुआत सुबह 9 बजे एथलेटिक्स से होगी और अन्य प्रतियोगिताएं निर्धारित समयानुसार आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे प्रतिभागी छात्रों की टीम सूची 12 फरवरी की शाम 5 बजे तक खेल विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### समोसे में प्लास्टिक के अंश मिलने पर दीपक स्वीट्स से दो नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मंगलवार को पटेल चौक स्थित दीपक स्वीट्स एंड आइसक्रीम प्राइवेट लिमिटेड में समोसे में पॉलीथिन प्रकार की प्लास्टिक के अंश मिलने पर निरीक्षण किया। देश दीपक की शिकायत पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गठित टीम के सदस्य इंद्रजीत सिंह एवं अनिल प्रताप सिंह ने प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर एक नमूना समोसे एवं एक नमूना घी का भरा। संग्रहित नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक को भेजे जा रहे हैं। नमूना जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता को भी बुलाया गया। प्रतिष्ठान के स्वामी अतुल कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## शहर में आज

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से कैंसर विजेताओं को सम्मान समारोह अलकनंदा रिजॉर्ट में सुबह 11:30 बजे।
- इंटक की बैठक नेहरू युवा केंद्र में सुबह 11:30 बजे।
- बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा 11:00 बजे से

## रोशनी से जगमग कब्रिस्तान



शब-ए-बरात पर मंगलवार रात असदू खां का कब्रिस्तान रंग बिरंगी रोशनी से जगमग नजर आया। ● अमृत विचार

# जमीन विवाद सुलझा, बिलवा में 3.40 करोड़ रुपये से बनेगा बरातघर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सदर तहसील के बिलवा गांव में बरातघर निर्माण को लेकर लंबे समय से चला आ रहा जमीन विवाद आखिरकार सुलझ गया है। बरात घर के लिए अब 3400 वर्ग मीटर उपयुक्त भूमि चिह्नित कर ली गई है, जिससे निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है।

इससे पहले चयनित की गई जमीन पर कब्जा होने के कारण परियोजना अटकी हुई थी। कब्जा हटने के बाद भी निर्माण योग्य भूमि नहीं मिल पा रही थी, जिससे शासन स्तर पर निर्माण में हो रही देरी को लेकर सवाल उठने लगे थे। शासन से पूछताछ शुरू होते ही प्रशासन ने मामले में तेजी दिखाई और वैकल्पिक जमीन की तलाश पूरी की। डीपीआरओ कमल किशोर ने मंगलवार को बिलवा गांव पहुंचकर प्रशासन की ओर से प्रस्तावित नई जमीन का राजस्व टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जमीन को निर्माण के लिए पूरी तरह उपयुक्त पाया गया। डीपीआरओ के अनुसार इस परियोजना के लिए 14वें वित्त आयोग की परफॉर्मेंस ग्रांट से कुल 3.40 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत राशि पहले ही जारी हो चुकी है।



बरात घर के लिए प्रस्तावित जगह देखते डीपीआरओ। ● अमृत विचार

- डीपीआरओ ने बरातघर के लिए चयनित जमीन का किया निरीक्षण

# अवैध निर्माण पर चला रेलवे का बुलडोजर, मची खलबली

## 150 मकानों से कब्जा हटाकर अवैध निर्माण किया गया ध्वस्त, ईंट पजाया चौराहे के पास पांच घंटे गरजता रहा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेलवे ने अपनी जमीन से कब्जा हटवाने के लिए मंगलवार को पांच घंटे अभियान चलाया। 150 मकान से अवैध कब्जा हटाकर बुलडोजर से निर्माण ध्वस्त कराया। कब्जे करने वालों में खलबली मची रही। इस दौरान इज्जतनगर मंडल की आरपीएफ, जीआरपी के साथ बारादरी पुलिस भी मौजूद रही। बताया जा रहा है कि तीन दिवसीय अभियान में बुधवार और गुरुवार को भी टीम रेलवे की जमीन से अवैध कब्जे हटवाएगी।

शहामतगंज से इज्जतनगर रेलवे वर्कशॉप तक जाने वाली रेल लाइन पर 50 साल पहले बाबू ट्रेन का संचालन होता था। लेकिन ट्रेन का संचालन बंद होने से रेलवे की सैकड़ों बीघा जमीन पर अवैध कब्जे हो गए। शहामतगंज रेलवे स्टेशन भी अवैध कब्जों में दफन हो गया। लोगों ने अवैध कब्जे कर पक्के निर्माण करा लिए। रेलवे ने अतिक्रमण को चिह्नित किया था। कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी लोगों ने कब्जा नहीं हटाया। पूर्व में भी कई बार रेलवे की तरफ से कब्जे हटवाए जा चुके है। मंगलवार सुबह 11 बजे रेलवे के अधिकारी, जीआरपी, आरपीएफ और बारादरी पुलिस बुलडोजर के साथ अवैध कब्जे हटाने के लिए पहुंची। ईंट पजाया चौराहे के पास बुलडोजर चला तो खलबली मच गई। रेलवे की जमीन पर हुए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

शाम चार बजे तक अभियान चलाकर 150 अवैध कब्जे हटाए गए। शहर में कई अन्य स्थानों पर भी पूर्वोत्तर रेलवे की जमीनों पर अवैध कब्जे हैं, जिन्हें हटाने के लिए रेलवे के अधिकारी कार्ययोजना बना रहे हैं।

- आरपीएफ, जीआरपी के साथ बारादरी पुलिस रही मुस्तैद



रेलवे की भूमि पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त करता बुलडोजर। ● अमृत विचार



रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटवाने के दौरान टीम से उलझती महिला। ● अमृत विचार

### सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को खदेड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को जिला अस्पताल रोड और शास्त्री मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। दुकानदारों के विरोध के बावजूद टीम ने सड़क किनारे लगी रेहड़ियों, ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटाया। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से 20 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। शास्त्री मार्केट में रोड घेरकर बैठे दवा विक्रेताओं पर भी कार्रवाई की गई। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि कुछ ही देर में जिला अस्पताल रोड पर जाम खत्म हो गया और ट्रैफिक सुचारू हुआ। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखे सामान को जब्त किया गया। सड़क घेरकर जूता-चप्पल की अस्थाई दुकानें लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नगर आयुक्त संजय कुमार मौर्य ने कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित और सुचारू यातायात उपलब्ध कराना है। कहा कि कोतवाली से कुतुबखाना तक सड़क किनारे किसी भी अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान से दुकानदारों में नाराजगी देखने को मिली। हालांकि, अधिकारियों ने इसे ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और व्यस्त मार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम बताया। अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई की जाएगी।



### कंजादासपुर में अवैध कॉलोनी पर चला बीडीए का बुलडोजर



**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए की टीम ने मंगलवार को एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से सटे ग्राम कंजादासपुर में कॉलोनाइजर सिराज की ओर से पांच हजार वर्गमीटर में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह और अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी की टीम ने यह कार्रवाई। बुलडोजर से कुछ ही घंटों में कॉलोनी के अंदर बनाए गए रास्तों, प्लाटों और खड़ी बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करा दिया गया। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बन गया। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन का कहना है कि भविष्य में भी अवैध कॉलोनियों पर सख्ती जारी रखी जाएगी।

# मेगा ईको पार्क : डेढ़ हजार परिवारों को आवास का तोहफा



मेगा ईको पार्क में बने पीएम आवास (शहरी)। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बरेली विकास प्राधिकरण ने शहर में किफायती और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल की है। कुआ डांडा, पुरनापुर, बीसलपुर रोड पर स्थित ''मेगा ईको पार्क'' परियोजना का निर्माण पूरा हो चुका है। यह स्थल बड़े बाईपास से डेढ़ किमी दूर है। यहां डेढ़ हजार परिवारों के लिए हर आधुनिक सुविधा से लैस आवासीय भवन तैयार किए गए हैं। परियोजना को ईको-फ्रेंडली अवधारणा पर विकसित किया गया है, जिसमें हरित क्षेत्र, साफ-सुथरा वातावरण, व्यवस्थित आंतरिक सड़कें और नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन. ए ने बताया कि मेगा ईको पार्क न केवल निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए सुरक्षित और सुलभ आवास उपलब्ध कराता है, बल्कि शहर के शहरी विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा। योजना के तहत आवासों का फाइनल पेमेंट होते ही लाभार्थियों को तत्काल कब्जा मिलेगा, जिससे वे बिना किसी देरी के अपने नए घर में प्रवेश कर सकेंगे। यह परियोजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के ''सबके लिए आवास'' के उद्देश्यों को साकार करने में प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही, यह शहर में आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल आवासीय विकास की दिशा में मिसाल भी कायम करती है।

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बरेली विकास प्राधिकरण की बड़ी पहल
- बीडीए वीसी बोले - फाइनल पेमेंट के साथ लाभार्थियों को तुरंत मिलेगा प्रवेश

### रुविवि : पांच वाले पेपर 16 को होंगे

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के माइनर पेपर (गणित, सांख्यिकी एवं रक्षा अध्ययन) की परीक्षा तिथि में संशोधन किया है।

विश्वविद्यालय की जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा पहले 5 फरवरी 2026 को प्रस्तावित थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर अब 16 फरवरी 2026 (सोमवार) को आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षा पूर्व निर्धारित पाली में ही संपन्न होगी। जिन परीक्षा केंद्रों पर 3 फरवरी 2026 को परीक्षा नहीं हो सकी थी, वहां संबंधित छात्रों को संशोधित तिथि पर परीक्षा में शामिल किया जाएगा।

# अलंकार अग्निहोत्री पहुंचे बरेली, 7 को दिल्ली कूच का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संतों के अपमान और यूजीसी के नए कानूनों का विरोध करते हुए इस्तीफा देने वाले निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री मंगलवार की देर शाम लाल फाटक रोड स्थित परशुराम धाम मंदिर पहुंचे। बरेली परिवार से जुड़े लोगों ने अलंकार का स्वागत किया। मंदिर परिसर जय परशुराम और भारत माता की जय से गूंज उठा। अलंकार ने मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने सरकार के आरोप पत्र को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि देश की सरकार खुद भेदभाव के कानून बनाकर समाज को बांट रही है और जब वह अपने वर्ग के हक के लिए आवाज उठा रहे हैं तो चार्जशीट थमा दी जाती है। यह आरोप पत्र नहीं, बल्कि सच को दबाने की कोशिश है. साफ कहा कि वे इन गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि 6 फरवरी तक केंद्र सरकार ने एससी-एसटी एक्ट कानून को वापस नहीं लिया तो 7 फरवरी को समर्थकों के साथ दिल्ली कूच किया जाएगा। दिल्ली में रहकर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाएंगे। अलंकार अग्निहोत्री ने कार्यकर्ताओं से संगठित रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की। वह पीलीभीत और बीसलपुर में समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद बरेली पहुंचे थे। वह करीब दो घंटे परशुराम धाम में रुकने के बाद रामपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान पंडित गजेंद्र पांडेय, समर्थ मिश्रा, आर्येंद्र मिश्रा, अविनीश चौबे समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

अलंकार अग्निहोत्री का कहना है कि एससी-एसटी एक्ट सामान्य वर्ग और ओबीसी वर्ग से जुड़े लोगों को बर्बाद कर रहा है। यह सामान्य वर्ग में डर का वातावरण उत्पन्न करने वाला कानून है।

- लाल फाटक रोड स्थित परशुराम धाम मंदिर पहुंचने पर जोरदार स्वागत
- सरकार के आरोप पत्र को बताया हास्यास्पद, कहा-उनकी आवाज दबाने की हो रही कोशिश




परशुराम धाम मंदिर में समर्थकों से बातचीत करते अलंकार अग्निहोत्री। ● अमृत विचार

## सराफा बाजार

### कीमती धातुओं के दामों में चार दिन में बड़ी गिरावट से शादी और त्योहारों के लिए खरीदारी में तेजी

# सहालग के सीजन में सोना-चांदी के दामों में गिरावट से बाजार में हलचल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सहालग के सीजन में सोना और चांदी की कीमतों में अचानक और बेतहाशा वृद्धि ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी थी। चांदी का भाव चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया था, वहीं सोने का दाम दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा पहुंचा था।

इन बढ़ते भावों ने शादी-विवाह और त्योहारों के मौसम में गहनों की खरीदारी को प्रभावित किया। हालांकि, चार दिनों में कीमतों में गिरावट ने ग्राहकों को राहत दी, जिससे ग्राहकों को बड़ी राहत मिली हैं। बरेली महानगर ज्वैलर्स एंड बुलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल मिनटू ने बताया कि जिले में चार दिन पहले चांदी का भाव चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम पार कर गया था, जो अब घटकर 2.85 लाख रुपये रह गया है। वहीं सोने की कीमत भी प्रति 10 ग्राम 1.91 लाख रुपये से घटकर एक लाख 60 हजार रुपये हो गई है। सर्राफा संजीव औतार अग्रवाल ने कहा कि दामों में अचानक कमी आने के बाद शुरू में बाजार में हलचल थोड़ी कम रही, लेकिन लगातार कीमतों में गिरावट और त्योहारों के आने से खरीदारी की गति बढ़ गई है। शादी और अन्य पारिवारिक अवसरों के लिए ग्राहक सोने और चांदी के गहनों की खरीदारी में सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सोने के दाम में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, लेकिन इसका बाजार पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। इससे जिले की महिलाएं और परिवार अब गहनों की खरीदारी कर राहत महसूस कर रहे हैं। वहीं, यह बदलाव सर्राफा व्यापारियों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रहा है।

- सहालग में जेवरों की मांग बढ़ने से सराफा कारोबार में रौनक
- बाजार में खरीदारी बढ़ी तो सर्राफा कारोबारी खुश नजर आए



शहर में एक आभूषण की दुकान पर मौजूद ग्राहक। ● अमृत विचार

### ग्राहक बोले-गहनों की खरीदारी में बजट की हुई बचत

रामकुमार ज्वैलर्स के यहां खरीदारी करने पहुंची राजेंद्र नगर की देवयंती ने बताया कि बहन की शादी 15 फरवरी को है। पिछले कुछ दिनों में सोने-चांदी के दाम इतने बढ़ गए थे कि गहनों की खरीदारी को लेकर काफी तनाव था। चार दिन पहले सोने का दाम दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था। अब कीमतें घटकर 1.60 लाख रुपये हो गई हैं। इससे बड़ी राहत हुई है। ग्रीन पार्क की गीता बहन की बेटी के लिए सोने के गहने खरीदने आई थीं। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते दाम इतने बढ़ गए थे कि पांच-सात हजार रुपये ज्यादा खर्च होने वाले थे। अब कीमतें कम होने के बाद गहने खरीद लिए। इससे मुझे आर्थिक राहत मिली है। मुझे खुशी है कि बाजार में लगातार गिरावट आई है और खरीदारी का माहौल बेहतर हो गया है।

# सिटी स्टेशन रोड पर पहले दिन ही जाम ने किया हलकान

## पीडब्लूडी ने शुरू कराया सड़क निर्माण का कार्य, हनुमान मंदिर के पास लगाया गया डायवर्जन, आवाजाही में हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चौपुला से किला पुल तक सीसी रोड के निर्माण होने के चलते एक तरफ की सड़क को तीन माह के लिए बंद करके बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। सिटी स्टेशन रोड पर काम होने के पहले दिन ही लोग जाम की समस्या से जूझते रहे। पुलिस ने किला की तरफ से चौपुला की तरफ आने वाली सड़क पर डायवर्जन लगाकर दो हिस्सो में बाट दिया है।

लोक निर्माण विभाग ने शहर के प्रमुख मार्ग चौपुला से किला पुल तक सीसी रोड के निर्माण का काम मंगलवार को सुबह शुरू करा दिया। सड़क निर्माण का कार्य पूरा होने में तीन माह का समय लगेगा। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने भारी वाहनों, रोडवेज और सिटी बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रवेश पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। टैफिक पुलिस ने सिटी स्टेशन के सामने स्थित हनुमान मंदिर पर दूल्हा मियां की मजार की ओर से आने वाली सड़क को दो हिस्सो में बाट दिया गया है। एक ही सड़क पर दोनों ओर का ट्रैफिक डाले जाने से चौपुला पुल से लेकर किला पुल तक वाहन रेंग रहे हैं। बाकरगंज स्थित डंपिंग ग्राउंड के लिए कूड़ा लेकर जाने वाली गाड़ियों से जाम के हालात बन रहे हैं। जाम से बचने के लिए लोगों ने जब तंग गलियों से निकलने का प्रयास किया तो गलियों में भी जाम का सबब बन गया। मंगलवार को पूरा दिन वाहन सवार जाम में फंसकर घंटों परेशान होते रहे।


सिटी स्टेशन रोड पर चल रहा सड़क निर्माण का कार्य। ● अमृत विचार


रूट डायवर्जन के दौरान सिटी स्टेशन रोड की दूसरी लेन में जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार


रूट डायवर्जन के कारण सिटी स्टेशन जाने के लिए यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी।


सड़क निर्माण के चलते डिवाइडर से दूसरी लेन पर साइकिल ले जाता युवक।

- तीन माह तक चलेगा सड़क निर्माण का कार्य
- बड़े वाहनों की इंट्री पूरी तरह से की गई बंद

### इंतजार के बाद सिटी रोड पर निर्माण कार्य शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** लंबे समय से गड्ढों और टूट-फूट से बेहाल सिटी रोड का लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। लोक निर्माण विभाग ने सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी एएन बिल्डर्स को सौंपी है। ठेकेदार ने सड़क की पुरानी सतह तोड़कर नई सड़क के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर काम की गुणवत्ता और प्रक्रिया का निरीक्षण कर रहे हैं। यह सड़क लगभग 30 इंच मोटी बनाई जाएगी, जिससे भारी वाहनों के दबाव के बावजूद यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मायके से 100 गज का प्लाट और कार मांग रहे थे ससुराली
- किला पुलिस ने पति समेत 8 लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मायके से 100 गज का प्लाट और कार की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट की गई। पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। किला पुलिस ने मामले में पति, सास, ससुर समेत 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किला थाना क्षेत्र के आमवाली गली निवासी नगमा ने बताया कि उसका निकाह 10 अप्रैल 2025 को बाकरगंज के अजीम उर्फ मुन्ना से हुआ था। शादी में मिले दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं थे। वे 100 गज का प्लाट और कार की मांग कर रहे थे। पिता के बीमार होने की वजह से मायके वाले कार की मांग पूरी नहीं कर सके। आरोप है कि इसपर ससुरालियों ने साथ मारपीट शुरू कर दी। पति उसे दिल्ली ले गया। वहां भी उसके साथ मारपीट की गई। 15 दिन पहले उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया। आरोप है कि 24 जनवरी को पति व अन्य लोग घर आए और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। किसी तरह मायके वालों ने उसे बचाया। आरोप है कि उसके बाद पति उसे तीन तलाक देकर चला गया। पुलिस ने पति अजीम उर्फ मुन्ना, ससुर नसीम, सास परवीन, शोएब, शनी, शारुन, सिमरन, गुलफाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी को प्रताड़ित करने का आरोप, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने शिक्षक पति और और ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने पति समेत 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के 100 फुटा रोड निवासी जे प्रसाद नाम की महिला ने बताया कि उसका विवाह एक फरवरी वर्ष 2017 में जिला पीलीभीत के पूरनपुर कस्बा निवासी अभिषेक जौहरी के साथ हुआ था। वह पति के साथ 100 फुटा रोड स्थित घर में रह रही है। उसका सात साल का बेटा भी है। उसके पति बिलसंडा के फिरसा चुर्राह स्थित विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। आरोप है कि एक साल से पति मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। इतना ही नहीं पति और ससुराली तलाक का दबाव बना रहे हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति अभिषेक जौहरी, जगदीश चन्द्र, भावना सक्सेना, शालिनी सक्सेना, अर्चना सक्सेना, संजीव सक्सेना, धरम नागर, पीयूष सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** महिला चिकित्सक ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

सर्वोदय नगर निवासी डॉ. प्रयांशी ने बताया कि उनकी शादी 3 फरवरी 2025 को चिराग सिंगला निवासी सेक्टर 14 फरीदाबाद हरियाणा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद सास, ससुर, ननद और ममिया ससुर कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके पति को गाली दी जाने लगी। कार नहीं लाने पर घर में नहीं रखने की बात कही जाने लगी। पति के नाम दर्ज मकान भी सास ससुर ने अपने नाम करा लिया। प्रेमनगर पुलिस ने ससुर कुंवर सेन सिंगला, सास लता सिंगला, ननद अमीषा सिंगला, ममिया ससुर डॉ. गौरव गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# इज्जतनगर और कैंट में दो मकानों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

- पुलिस ने दोनों मामलों में दर्ज की रिपोर्ट
- चोरों तक पहुंचने को खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार :** चोरों ने इज्जतनगर और कैंट क्षेत्र में दो मकानों को निशाना बनाया और लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर क्षेत्र के सिल्वर स्टेट कॉलोनी निवासी उमेश चंद्र मेहरा परिवार के साथ मुंबई बेटे के पास गए थे। 2 फरवरी की शाम वह जब लौटे तो मकान के दरवाजे खुले मिले। अंदर का सामान अस्त-व्यस्त था। बाथरूम की टोटियां और कीमती सामान गायब था। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर चोरों की तलाश में जुट गई है। थाना कैंट क्षेत्र के ग्राम भरतौल निवासी हरजीत सिंह प्राथमिक विद्यालय भरतौल में शिक्षामित्र हैं। सोमवार सुबह वह विद्यालय गए थे, जबकि पत्नी ब्यूटी पार्लर और बच्चे स्कूल चले गए थे। दोपहर करीब 2:40 बजे जब परिवार लोग लौटे तो घर का दरवाजा खुला मिला। गेट का ताला चाबी समेत लटका था। अंदर कमरे में पहुंचने पर देखा गया कि अलमारी और लॉकर खुले पड़े थे। चोर 50 हजार रुपये और कई आभूषण चुरा ले गए।

# रेस्टोरेंट में युवक पर हमला तीन को हिरासत में लिया

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हिस्ट्रीशीटर के बेटे ने साथियों के साथ मिलकर रेस्टोरेंट में बैठे एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मारपीट करने वालों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के आजमनगर निवासी सुब्हान ने बताया कि सोमवार शाम वह रामपुर गार्डन स्थित एक रेस्टोरेंट पर बैठा था। तभी, एक हिस्ट्रीशीटर का बेटा तीन-चार साथियों के साथ वहां पहुंचा। उसने साथियों के साथ लाठी डंडों से सुब्हान पर हमला कर दिया। रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गई। लोग बीच-बचाव करने की कोशिश करते रहे, लेकिन आरोपी युवक को पीटते रहे। गंभीर चोट लगने से सुब्हान मौके पर ही गिर पड़े।

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

### घर के बंटवारे को लेकर युवक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के बभिया निवासी धीर सिंह ने बताया कि 2 फरवरी की सुबह उसके भाई टिंकू, वीर सिंह और पिता कलफू घर के बंटवारे को लेकर उसे गालियां दे रहे थे। विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि पिता और भाई वीर सिंह ने हाथ पड़का, जबकि टिंकू ने ईंट से हमला कर दिया। कैंट पुलिस ने मामले में उसके पिता कलफू, भाई वीर सिंह और टिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोरी के अपहरण में आरोपी को जेल

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार :** किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। सीबीगंज क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय किशोरी को 5 जनवरी को जिला शाहजहांपुर के सिधौली कटिया बुजुर्ग निवासी बादल उर्फ बॉबी अपहरण कर ले गया था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने 29 जनवरी को किशोरी को बरामद कर कोर्ट में बयान दर्ज कराए। बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में अपहरण और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ा दीं। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी बादल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### युवक पर चाकू से हमला करने वाले गिरफ्तार



**बरेली, अमृत विचार :** चाकू से हमला कर युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार निवासी पप्पू ने बताया कि रविवार उनका बेटा कमल मढ़ीनाथ बाजार में कुछ सामान लेने गया था। रास्ते में बेटे को चार लड़कों ने रोककर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया, जिसमें बेटे के पेट, चेहरे समेत अन्य जगहों पर गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले में सोमवार रात ऊंचा गांव की पानी की पाइप लाइन की होदी में छुपकर बैठे आरोपी साहिल मिश्रा, सनी रावत व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है।

दिए निर्देश | मंडल में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

# त्योहारों पर कानून व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मंडल के चारों जिले के पुलिस कप्तान के साथ डीआईजी ने मंगलवार को अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। उन्होंने टॉप 10 अपराधियों, फरार अपराधियों, पंजीकृत किए गए गैंग की भी समीक्षा की। उन्होंने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।


समीक्षा बैठक करते डीआईजी अजय कुमार साहनी। ● अमृत विचार

- बैठक में मंडल के चारों जिले के पुलिस कप्तान हुए शामिल

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने अपने कार्यालय में एसएसपी बरेली अनुराग आर्य, बदायूं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर और पीलीभीत के साथ समीक्षा गोष्ठी की। इसमें आपराधिक प्रकरण, माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई, एसआर केस और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, गिरफ्तारी के लिए शेष पुरस्कार घोषित व वांछित अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। डीआईजी ने महिला उत्पीड़न, एससी/एसटी एक्ट पर निर्देश दिए। इसके अलावा जनपदों में अपूर्ण निर्माण, मरम्मत कार्यों, मृतक आश्रित सेवायोजन के लंबित प्रकरण, सेवानिवृत्त एवं मृतक पुलिस कर्मियों की पेशन/लंबित देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। टॉप 10 अपराधियों, फरार अपराधियों, पंजीकृत किए गए गैंग के सदस्यों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई, थानावार हिस्ट्रीशीट की स्थिति की भी समीक्षा की। डीआईजी ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस फीडिंग की स्थिति, सड़क दुर्घटना बाहुल्य (ब्लैक स्पॉट) स्थानों के चिन्हीकरण, सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा, वाहन चालकों की जिम्मेदारी, हेलमेट/सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग एवं ट्रैफिक नियमों के पालन तथा सड़क दुर्घटनाओं के संख्यात्मक आंकड़ों की समीक्षा की। डीआईजी ने आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के साथ ही अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने निर्देश दिए।

# क्रेडिट और डेबिट कार्ड से निकले 2.67 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठग अब पहले से अधिक हाईटेक हो गए हैं। बिना ओटीपी आए और लिंक खोले बिना ही वह खाते से रकम काट दे रहे हैं। ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे साइबर क्राइम थाने के पुलिसकर्मी भी हैरान हैं। अब प्रेमनगर क्षेत्र में साइबर ठगों ने क्रेडिट और डेबिट कार्ड से 2.67 लाख रुपये निकाल लिए। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नेहरु पार्क कॉलोनी निवासी पंकज गोयल ने बताया कि उनके क्रेडिट और डेबिट कार्ड से 1 फरवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पैसे निकाल लिए। उन्होंने इसकी शिकायत 1930 और बैंक के ग्राहक सहायता केंद्र पर की थी। पीड़ित ने बताया कि उसके खाते से कुल 2 लाख 67 हजार रुपये कट गए। युवक की पीड़ित की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें

बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### सांसद ने खोली पेंशन योजनाओं की पोल

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा में आंवला सांसद नीरज मौर्य के पेंशन योजनाओं को लेकर पूछे सवालों के जवाब में बरेली और आंवला क्षेत्र में पेंशन योजनाओं में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। सांसद ने सदन में पूछा था कि फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जीवित लोगों को मृत दिखाकर विधवा और वृद्धावस्था पेंशन में करीब 1.23 करोड़ रुपये का गबन किया गया। देशभर में ऐसे कितने मामले सामने आए। सांसद ने केंद्र से इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का भी सवाल पूछा। इस पर सरकार ने लिखित उत्तर में 51 फर्जी मामले पकड़े जाने की जानकारी दी, जिनमें 18.02 लाख रुपये की पेंशन वितरित की गई थी। हालांकि, 1.23 करोड़ रुपये के आरोप पर केंद्र ने सीधे जवाब नहीं दिया। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनना और लंबे समय तक पेंशन जारी रहना व्यवस्था की बड़ी चूक को दर्शाता है। उन्होंने पिछले पांच वर्षों में देशभर में फर्जी पेंशन मामले, वसूली राशि और दोषियों पर कार्रवाई की जानकारी भी मांगी।

### हनुमान मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

बरेली, अमृत विचार : सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को परसाखेडा स्थित हनुमान मंदिर में जरूरतमंदों और श्रमिकों के लिए भंडारे का आयोजन किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने किया। संरक्षक राजीव सक्सेना, रविंद्र शर्मा, अमित गौड़, हरीश गंगवार, दीपक शर्मा, दिलीप पाठक, सौम्या स्वामी, रचना भदौरिया, राहुल कपूर, प्रशांत अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य ने पीएम को भेजा धन्यवाद पत्र

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेन्द्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में अमेरिकी टैरिफ दरों में 18 प्रतिशत तक की कटौती पर आभार व्यक्त किया है। पत्र में कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच सकारात्मक संवाद के परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक और स्वागत योग्य निर्णय हुआ है, जो प्रधानमंत्री की सशक्त कूटनीति और वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

### कमिश्नर ने तीन सौ बेड हॉस्पिटल को संचालित कराने के संबंध में 10 फरवरी को बैठक आयोजित करने के दिए निर्देश

# तीन सौ बेड हॉस्पिटल पीपीपी मॉडल पर संचालित कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन में मंडलीय बैठक करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

- मंडलायुक्त ने मंडलीय समीक्षा में स्वास्थ्य, राजस्व और विकास कार्यों की प्रगति जानी
- ट्रामा सेंटर व क्रिटिकल कॉरिडोर संचालन को हर जिले में तैनात करें ऑर्थोपेडिक सर्जन

अमृत विचार : करीब 90 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए तीन सौ बेड हॉस्पिटल को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की कवायद फिर शुरू हो गयी है। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने हॉस्पिटल को संचालित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को 10 फरवरी को बैठक करने के निर्देश दिए हैं। आईएमए पूर्व में पीपीपी मॉडल पर हॉस्पिटल को संचालित करने की हामी भी जता चुका है।

विकास भवन सभागार में मंगलवार को मंडलीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी तीन सौ बेड हॉस्पिटल को पीपीपी मॉडल में संचालन शुरू कराने की समीक्षा की। कमिश्नर ने एमबीबीएस डाक्टर्स की एग्रीमेंट के आधार पर नियुक्ति करने, टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम, सिजेरियन प्रसव केंद्र की समीक्षा की। यह पाया कि नवाबगंज में स्थिति अच्छी है, लेकिन कुछ स्थानों पर कर्मियों की कमी है, जिस कारण अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। निर्देश दिए कि विकास खंड स्तर पर डिलीवरी बढ़ाएं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वालों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिये। समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अपने जनपद के मेडिकल कालेजों का निरीक्षण करने को निर्देशित किया। बैठक में बताया कि मंडल स्तर पर ट्रामा सेंटर व क्रिटिकल कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, इसमें बरेली में 10, बदायूं में 8, पीलीभीत में 10 व शाहजहांपुर में 8 का निर्माण होना है। इस पर कमिश्नर ने हर जनपद में कम से कम एक आर्थोपेडिक सर्जन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

डीएम बदायूं ने बदायूं से दातागंज मार्ग खराब स्थिति में बताया। इस पर कमिश्नर ने उसे ठीक कराने के निर्देश दिये। बहेड़ी, चौबारी, दातागंज आदि मार्गों पर साइनेज कराने के निर्देश दिए। सीएनडीएस के 11 कार्य विलंब से चल रहे हैं, जिस पर बताया कि इसका मुख्य कारण है कि विभिन्न निर्माण कार्यों में धनराशि प्राप्त नहीं हो रही है। बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डीएम पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, सीडीओ, सीएमओ आदि मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं को जल्द पूरा कराया जाए

कमिश्नर ने इज्जतनगर क्षेत्र के मिनी बाईपास पर निर्माणाधीन बस स्टैंड की समीक्षा। इस पर बताया गया कि बस स्टैंड का निर्माण पूरा करने के लिए मई माह तक का समय लिया है। समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गर्रा नदी पर सेतु निर्माण, कस्तूरबा विद्यालय में हास्टल निर्माण, बदायूं में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में हास्टल निर्माण, राजकीय महाविद्यालय दातागंज बदायूं के निर्माण कार्य के बारे में बताया कि फायर, विद्युत एनओसी के लिए आवेदन किया है। भवन पर से 33 हजार केवी की लाइन गयी है, जिसकी शिफ्टिंग करायी जानी है।

### जन सुनवाई 10 से 12 बजे तक करें

निर्देश दिये कि 10 से 12 बजे जनसुनवाई में सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में बैठें। इस समयावधि में कोई मीटिंग आयोजित न करें। फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति कम पाए जाने पर कृषि अधिकारियों से नाराजगी जतायी। संयुक्त कृषि निदेशक को निर्देश दिये कि शाम तक चारों जनपदों में कितने कर्मी इस कार्य में लगे हैं और कितनों के खातों की समस्या है कि रिपोर्ट देते हुए तीन दिन में सभी के खातों में धनराशि भिजवाएं। निर्देश दिए कि ब्लैक स्पॉट्स के निकट एएलएस युक्त एंबुलेंस की व्यवस्था, निकटतम चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का ब्योरा बनाकर प्रस्तुत करें।

### कमिश्नर के मुआयने को लेकर फाइलें दुरुस्त करने में जुटे बाबू

बरेली, अमृत विचार: कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी का 5 फरवरी को कलेक्ट्रेट का वार्षिक मुआयना प्रस्तावित है। इसके मद्देजनर पिछले पांच दिन से कलेक्ट्रेट में साफ-सफाई के साथ छोटे-मोटे टूट-फूट के कार्य कराए जा रहे हैं। शस्त्र अनुभाग में मजदूरों को लगाकर रंगाई पुताई कराई जा रही है।

बारिश में पानी टपकने से सीलिंग खराब हो गयी। इंग्लिश रिकार्ड रूम और मुख्य राजस्व अभिलेखागार में कागजातों को दुरुस्त कराया जा रहा है। कमरा नंबर सात के बाबू अपने-अपने पटलों की फाइलें दुरुस्त कर रहे हैं। तत्कालीन कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने 2025 में कलेक्ट्रेट का मुआयना किया। उन्होंने कमरा नंबर सात के एक बाबू के सहयोगी संविदा कर्मचारी को कंप्यूटर पर गाने सुनते हुए पकड़ा था। कमिश्नर की ओर से जारी मिनट्स में संबंधित बाबू के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

# गलियों में अंधेरा...शहर को सिंगापुर बनाने का सपना अधूरा

### मेयर की प्रत्येक वार्डों को 25-25 स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा के चार माह बाद भी मिलीं 10 से 15 लाइटें, बेहतर प्रकाश व्यवस्था के दावे हवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शहर के एक वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाता कर्मचारी। (फाइल फोटो)



मॉडल टाउन में स्ट्रीट लाइट खराब।

- शहर के 80 वार्डों में प्रकाश व्यवस्था पर हर साल आठ करोड़ रुपये होता खर्च
- वार्डों में अंधेरा रहने से महिलाओं व बुजुर्गों को आवाजाही में उठानी पड़ रही दिक्कत

अमृत विचार : दिवाली से पहले शहर को सिंगापुर बनाने का जो शोर मचा था, वह खोखले वादों की फाइल में दफन होता दिख रहा है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने 30 सितंबर को नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों के वार्डों में अंधेरा रहने की शिकायत पर हर वार्ड में 25-25 स्ट्रीट लाइटें लगाने की घोषणा कर दिवाली से पहले शहर को रोशनी से नहलाने का बात कही थी।

इस घोषणा के बाद लोगों को उम्मीद थी कि त्योहारों से पहले शहर की तस्वीर बदलेगी, लेकिन चार माह बीतने के बाद भी जमीनी सच्चाई निराशाजनक है। अधिकांश वार्डों को केवल दस से पंद्रह लाइटें दी गईं, जबकि कई वार्ड ऐसे हैं जिन्हें महज पांच लाइटों पर ही संतोष करना पड़ा।

शहर में कुल 80 वार्ड हैं और हर वार्ड में प्रमुख सड़कों से लेकर गलियों तक रोशनी की मांग लंबे समय से उठती रही है। हर साल करीब आठ करोड़ रुपये प्रकाश विभाग पर खर्च होने के बाद भी हालात जस के तस हैं। कम लाइटें मिलने का सीधा असर आम लोगों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और राहगीर अंधेरी सड़कों से गुजरने को मजबूर हैं। पार्षदों का आरोप है कि 25 लाइटों की घोषणा सिर्फ कागजों और बैठकों तक सीमित रही, जबकि वितरण के समय प्रकाश विभाग ने मनमानी कर दी। विपक्षी पार्षदों ने जनभावनाओं से खिलवाड़ बताते हुए कहा कि बड़े-बड़े दावे तो कर दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें पूरा नहीं किया जाता। वहीं, आम नागरिकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो सिंगापुर बनाना तो दूर, शहर को सुरक्षित और रोशन रखना भी निगम के बस की बात नहीं रह जाएगी।



30 सितंबर को बोर्ड बैठक में 25-25 स्ट्रीट लाइटों की घोषणा हुई थी, लेकिन हमारे वार्ड में सिर्फ 10 लाइटें दी गईं। गलियों में आज भी अंधेरा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी हालात नहीं बदले। यह हाल तब है जब प्रकाश विभाग हर साल करीब आठ करोड़ खर्च करता है। - **राजेश अग्रवाल**, वार्ड-35



हिंदुओं के मुख्य त्योहार दीपावली पर सभी वार्डों में 25 नई लाइट लगाने का वायदा किया गया था, लेकिन केवल 10 लगवाई गयीं और पुनरीक्षित बजट की बैठक में एक माह के अंदर सभी वार्डों में कुल 50 लाइट लगने का भी जो वादा किया गया था वह भी हवाई साबित हुआ। - **गौरव सक्सेना**, नेता सपा पार्षद दल



मैं तो साफ कहता हूं कि यह सीधा जनता के साथ धोखा है। जब मेयर ने खुद सदन में घोषणा की थी तो फिर आधी-अधूरी व्यवस्था क्यों की गई। प्रकाश विभाग ने मनमानी करते हुए लाइटों का बंटवारा किया है। हमारे वार्ड में पहले दस और दो दिन पहले पांच लाइटें और मिलीं। - **कपिल कांत**, वार्ड-61



दिवाली से पहले बोर्ड बैठक में 25 और इसके बाद दिसंबर माह में हुई पुनरीक्षित बजट में एक महीने में 50 स्ट्रीट लाइटें प्रत्येक वार्ड को देने की बात की थीं। मेयर ने खुद सदन में घोषणा की थी। हमारे वार्ड को सिर्फ 15 लाइटें मिलीं। इनमें पांच लाइटें एक्सचेंज में मिली हैं। - **सुमित**, वार्ड -7

### मेयर की फटकार भी नहीं रोक सकी अभियंता की मनमानी

दिसंबर में पुनरीक्षित बजट की बैठक में स्ट्रीट लाइटों का मुद्दा उठने पर मेयर डॉ. उमेश गौतम ने प्रकाश विभाग के अधीक्षक और जलकल के सहायक अभियंता अजीत कुमार को फटकार लगाई थी। पार्षदों ने लाइट वितरण में भेदभाव और घोटाले के आरोप लगाए, लेकिन अभियंता बस हां में हां करते नजर आए। वार्डों को बराबर लाइटें देने की चेतावनी के बावजूद अभियंता का रवैया नहीं बदला।

# शिक्षकों को टेट से दी जाए राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की मंडलीय समीक्षा
- बदायूं और पीलीभीत में संगठन को गति देने के पदाधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पांडे ने मंगलवार को शहर के एक होटल में प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश गंगवार और मांडलिक मंत्री केसी पटेल के साथ मंडल के चारों जनपदों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन के कार्यों पर चर्चा की।

उन्होंने विशेष रूप से बदायूं और पीलीभीत में संगठन को गति देने के निर्देश दिए और कहा कि संगठन में वही लोग रहें जो शिक्षकों के हित में समय और मेहनत दे सकें, जिससे संगठन मजबूत बने। दोनों जनपदों का भ्रमण कर शिक्षकों से बातचीत के बाद 15 फरवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा। सुशील पांडे ने शिक्षकों के लिए टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता को लेकर भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट से राहत नहीं देती, तो संगठन लखनऊ और दिल्ली तक प्रदर्शन और धरना देने का निर्णय लेगा। टेट की वापसी की मांग करेगा। इससे पहले जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार के नेतृत्व में जिले के पदाधिकारियों ने दिल्ली से यहां पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम पाल गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, प्रसून गंगवार, प्रियंका भास्कर, हरीश गंगवार, गजेंद्र राठौर, अनुराग दीक्षित, पुष्प राज गंगवार, सतीश शर्मा और सीएल चौधरी आदि मौजूद रहे।

### होली तक धारा 163 लागू, भीड़ जुटाने पर रोक

बरेली, अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को महाशिवरात्रि, होलिका दहन एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धारा 163 लागू कर दी है।

निषेधाज्ञा के दौरान किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे, लेकिन यह प्रतिबंध सरकारी प्रतिष्ठानों पर सरकारी कार्य के करने के लिए एकत्र हुए सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। सार्वजनिक स्थान पर कोई भी जनसभा, जलसा, जुलूस, धरना प्रदर्शन बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नहीं किया जायेगा। भविष्य में जुलूसों, शोभायात्राओं, उर्स, कथा, कीर्तन व जागरणों आदि की अनुमति लेना अनिवार्य है।

# शब ए बरात : इबादत में गुजारी पूरी रात

- दरगाह आला हजरत समेत सभी दरगाह और कब्रिस्तानों में देर रात तक रही रौनक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शब ए बरात पर कांकर टोला कोट कब्रिस्तान में मरहूम रिश्तेदारों की कब्र पर फूल चढ़ाते बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शब ए बरात पर मंगलवार रात मुसलमानों ने इबादत करके गुजारी। गुनाहों से तौबा करके माफी मांगी गई। शहर से लेकर देहात तक के कब्रिस्तान में सजावट की गई। देर रात तक लोगों ने कब्रिस्तान में अपने बुजुर्गों की कब्र पर जाकर रोशनी करने के साथ फूल पेश किए। वहीं, दरगाह आला हजरत समेत शहर की अन्य दरगाह पर भी लोग हाजिरी के लिए पहुंचते रहे।

घरों से जो लोग इस दुनिया से रूखसत हो गए, उनके लिए मगफिरत की दुआ की। घरों में हलवा के अलावा तरह-तरह के पकवानों पर नज्र व नियाज का एहतिमाम किया गया। लोगों ने एक दूसरे से मिलकर और दूर-दराज के लोगों से फोन पर बात कर और मेसेज के जरिए गलती की माफी तलब की। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह आला हजरत पर अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रज़ा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां से मिलकर दुआ कराई। दरगाह ताजुशशरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह तहसीनिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह वली मियां, दरगाह नासिर मियां, दरगाह वामिक मियां, दरगाह बशीर मियां समेत सभी कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर मगफिरत की दुआ की।

### जिंदगी को बेहतरीन बनाने की रात

शब-ए-बरात के मौके पर बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने बताया कि चौपुला स्थित म्युडी के तकिये में पहुंचकर दुनिया से रूखसत हुए लोगों की मगफिरत के लिए दुआ की। कहा कि शब-ए-बरात रमजान से ठीक पहले आती है, इसलिए यह मुसलमानों के लिए रमजान की तैयारी का खास मौका है। अहद वारसी रेशू, नईम खान, दानिश खान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कब्रिस्तानों में पहुंचकर अपने बुजुर्गों के लिए मगफिरत की दुआ की।



## समय से इलाज कराएं तो कैंसर से मुक्ति पाना बहुत मुश्किल नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड क्षेत्र में कैंसर रोगियों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। अकेले बरेली में कैंसर रोगियों की संख्या 11 हजार के पार बतायी जा रही है। कैंसर विशेषज्ञों के मुताबिक खानपान में बेपरवाही और शुरुआत में कैंसर के लक्षण पहचानने में देरी और इलाज न कराना सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक तकनीकें हैं, अगर समय से इलाज कराया जाए तो कैंसर से मुक्ति पाना बहुत मुश्किल नहीं है।

कैंसर से लड़ाई में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि सरकारी अस्पतालों में इस रोग के इलाज का इंतजाम नहीं है। बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में तो कैंसर रोग विशेषज्ञ ही नहीं हैं। यही वजह है कि हर तीन महीने में दो कैंसर रोगियों की मृत्यु हो जाती है। बरेली जिले के कई इलाकों में कैंसर के मामले औसत से कई गुना ज्यादा हैं। आंवला और मीरगंज तहसील में कई सालों से कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इन इलाकों में खराब भूजल को भी कैंसर की वजह माना जाता रहा है।

# लाइफ स्टाइल में बदलाव और एक्सरसाइज ही कैंसर से बचाव

## महिलाएं 40 वर्ष की आयु के बाद स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण अवश्य कराएं : डॉ. अर्जुन

**विश्व कैंसर दिवस आज**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जानकारी देते कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाइफ स्टाइल में बदलाव और रेगुलर एक्सरसाइज करने से कैंसर से बचाव किया जा सकता है। खानपान बेहतर रखने के साथ रेगुलर एक्सरसाइज करने से शरीर में अच्छे हार्मोंस पैदा होते हैं, जो कैंसर सेल को शरीर में एक्टिव होने से रोकने का कार्य करते हैं।

40 वर्ष की आयु के बाद सभी महिलाओं को स्तन कैंसर के लिए वार्षिक मैमोग्राफी और हर तीन साल में पैप स्मीयर परीक्षण कराना चाहिए। प्रत्येक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर के लिए हर तीन साल में सीरम पीएसए परीक्षण कराना चाहिए, ताकि यह मालूम हो सके कि शरीर के किसी हिस्से में कैंसर के सेल तो एक्टिव नहीं हो रहे हैं। यह कहना है कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं एमसीएच (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) डॉ. अर्जुन अग्रवाल का। अमृत विचार से हुई बातचीत में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि 70 प्रतिशत कैंसर का इलाज लाइफ स्टाइल में बदलाव और बेहतर डॉक्टर की सलाह से ली जा रही दवाइयों से संभव है। वह कहते हैं कि कैंसर सेल कहीं बाहर से शरीर में प्रवेश नहीं करते हैं। ये हमारे शरीर के अंदर ही होते हैं, जो हमारे बिगड़े खानपान, तंबाकू और बीड़ी-सिगरेट और कई अन्य कारणों से शरीर में एक्टिव हो जाते हैं। कैंसर का एक सेल दो, चार फिर 16 होते ही तेज गति से शरीर में फैलने लगते हैं। डॉ. अर्जुन का कहना है कि शरीर में कैंसर के जो एक्टिव सेल हैं उन्हें खत्म करने के लिए समय पर इलाज जरूरी है। प्रथम और

- जागरूकता और नियमित चेकअप से रोका जा सकता है कैंसर

सेकेंड स्टेज में कैंसर को 90 या 100 प्रतिशत तक ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि थर्ड और फोर्थ स्टेज में कैंसर पहुंच गया तो रोगी को ठीक होने में काफी समय लग सकता है। कैंसर विशेषज्ञ का कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर का लाइफ स्टाइल से संबंध है। हैबिट्स, तंबाकू व बीड़ी से कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। मुंह का कैंसर कॉमन है। ज्यादातर लोगों में तंबाकू ही कैंसर की वजह बनता है। यूपी में इसका प्रभाव सबसे ज्यादा है। दूसरी वजह स्मोकिंग में बीड़ी व सिगरेट है। आजकल इसका प्रचलन ज्यादा है, इससे मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बड़ी आंत का कैंसर, बच्चेदानी में कैंसर, खाने की नली का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना ज्यादा रहती है। तीसरा कारण डाइट है, हम लोगों को शुद्ध खाना खाने को नहीं मिल पाता है, पेस्टीसाइड, रसायन युक्त चीजें ज्यादा हैं। बोतल बंद पानी के दौरान माइक्रो प्लास्टिक हमारे अंदर चले जाते हैं, पर्यावरण प्रदूषण भी कैंसर का कारण बनता है। चौथा मोटापा है लेकिन एक्सरसाइज से कुछ अच्छे हार्मोंस जन्म लेते हैं, जो कैंसर सेल को पनपने से रोकते हैं।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

### ये हैं कैंसर के लक्षण

डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि कैंसर होने के कई लक्षण हैं। पहला लक्षण वेट लॉस है। किसी पुरुष या महिला में छह से 12 महीने में पांच प्रतिशत या उससे अधिक वेट लॉस होता है तो यह कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। दूसरा लक्षण लगातार थकान होना है। तीसरा लक्षण मुंह, नाक, थूक, बच्चेदानी, लैट्रिंग के रास्ते खून आना है। चौथा लक्षण पीलिया और पांचवां लक्षण शरीर में किसी भी जगह पानी एकत्र होना है। ऐसी स्थिति में कैंसर का चेकअप कराना चाहिए।

### क्या है कैंसर स्क्रीनिंग

कैंसर स्क्रीनिंग ऐसा टेस्ट है, जो किसी व्यक्ति में कैंसर के कोई लक्षण दिखने से पहले ही उसके संकेतों या प्री-कैंसरस (कैंसर-पूर्व) बदलावों का पता लगाती है, जिससे शुरुआती चरण में ही बीमारी का पता चल सके, जब इलाज आसान और प्रभावी होता है तो कुछ मामलों में कैंसर को बढ़ने से रोका भी जा सकता है।

### कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव

कैंसर के इलाज पर फोकस करते हुए डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि अब कैंसर को आधुनिक इलाज से मात दी जा रही है। कैंसर के इलाज में 100 साल में काफी कुछ बदलाव हुआ है। पहले के समय में एक मेजर सर्जरी होती थी, अब रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी आने के बाद कैंसर को हराना और आसान हो गया है। इम्यूनोथेरेपी भी इसमें शामिल है। यह ऐसा ट्रीटमेंट है, शरीर के जिस हिस्से में कैंसर पनपता है, उसी हिस्से की निगरानी कर वहीं पर कैंसर के सेल्स को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। इम्यूनोथेरेपी आधुनिक कैंसर उपचार है, जो शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्मून सिस्टम) को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए सशक्त बनाता है। यह पारंपरिक कीमोथेरेपी से भिन्न है, अक्सर कम साइड इफेक्ट्स के साथ बेहतर परिणाम देता।


### बचाव रखने के लिए ये बदलाव जरूरी

कैंसर विशेषज्ञ ने कैंसर से बचाव रखने के लिए कई बातें बतायी हैं। उनका कहना है कि 90 प्रतिशत कैंसर लाइफ स्टाइल से संबंधित हैं, हमें तंबाकू व सिगरेट छोड़ना चाहिए। हमें अच्छा खाना चाहिए, नियमित एक्सरसाइज करने की जरूरत हैं, ताकि हार्मोंस ज्यादा पैदा होते रहे, स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए, योग करना चाहिए। प्रतिदिन इतनी एक्सरसाइज करनी चाहिए ताकि खूब पसीना बाहर आ सके।

### क्या है मैमोग्राफी

मैमोग्राफी स्तन कैंसर के शुरुआती संकेतों का पता लगाने के लिए की जाने वाली एक कम-खुराक (लो-डोज) वाली एक्स-रे जांच है, जिसे मैमोग्राम कहते हैं। यह प्रक्रिया स्तन की गांठों, असामान्य ऊतकों या सूक्ष्म कैल्शियम जमाव को ढूंढती है, जब वे इतने छोटे होते हैं कि उन्हें महसूस नहीं किया जा सकता।

# कैंसर पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आज से



कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोहिलखंड कैंसर संस्थान अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार और गुरुवार को दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम विद्यार्थियों को कैंसर से बचाव के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देंगे।

रोहिलखंड कैंसर संस्थान के डॉ. प्रारब्ध सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में बुधवार को कार्यक्रम होंगे। 5 फरवरी को जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**कैंसर से घबराने और डरने की जरूरत नहीं :** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल का कहना है कि पूरी दुनिया में विश्व कैंसर दिवस मनाते हैं, जिसका मकसद ये है कि पूरी दुनिया में लोगों को जागरूक किया जाए और उन्हें बताया जाए कि कैंसर क्या है, ये क्यों होता है।

इससे कैसे बचा जा सकता है और कैंसर का इलाज क्या है। कैंसर दिवस पर यही संदेश है कि इससे घबराने और डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज कैंसर का इलाज पूरी तरह मौजूद है।

### कैंसर के ये विश्व व्यापी आंकड़े

- देश में तंबाकू की वजह से मुंह के कैंसर से प्रतिदिन 3500 लोगों की मृत्यु। वर्ष 2018 में कैंसर से कुल 7,84,921 लोगों की मौत।
- धुएं (बीड़ी, सिगरेट के धुएं सहित) से वर्ष 2018 में 3,17,928 लोगों की मौत।
- कैंसर से मरने वाले पुरुषों में सबसे ज्यादा 25 फीसदी वजह मुंह और फेफड़ों का कैंसर, जबकि महिलाओं में सबसे ज्यादा 25 फीसदी वजह मुंह और ब्रेस्ट कैंसर।

### दुनिया भर में बीमारी से होने वाली मौतों में कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण

वैश्विक रूप से देखें तो बीमारी से होने वाली मौतों में कैंसर दूसरा सबसे बड़ा कारण हैं। वर्ष 2018 में करीब 96 लाख लोगों की कैंसर से जान गई थी। यानि छह में एक मरीज के निधन की वजह कैंसर बना। फेफड़ा, प्रोस्टेट, कोलोरेक्टल, पेट और लिवर कैंसर से पुरुष ज्यादा प्रभावित हुए, जबकि ब्रेस्ट, कोलोरेक्टल, फेफड़ा और सर्वाइकल कैंसर ने महिलाओं पर ज्यादा असर डाला है।

### खानपान, जीवनशैली और प्रदूषण कैंसर के लिए जिम्मेदार

**बरेली :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डॉ. पियूष कुमार अग्रवाल कहते हैं कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं, बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है। जो शरीर के किसी भी अंग में, कभी भी और किसी भी उम्र हो सकती है। यह वृद्धि एक अंग से होती हुई शरीर के दूसरे भाग को भी प्रभावित कर सकती है। शरीर का न भरने वाला घाव, किसी अंग विशेष में लगातार दर्द, तेजी से बढ़ रही गांठ कैंसर की वजह हो सकती है। हां हर गांठ कैंसर नहीं होती है। अस्वास्थ्य कर खानपान, जीवनशैली और प्रदूषण कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इससे बचाव और जागरूकता कैंसर रोकने में कारगर है।

# कैंसर को मात देने वाले मरीज अब फैला रहे जागरूकता

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

**अमृत विचार :** कैंसर को हराकर बेहतर जीवन जीने वाले वैसे तो हजारों लोग हैं, लेकिन विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर हम आपको कुछ मरीजों से रूबरू करा रहे हैं जिन्होंने डेढ़ से दो साल में कैंसर को मात दी और अब लोगों में कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता फैला रहे हैं।

### अमरजीत ने डेढ़ साल के उपचार में सर्विक्स कैंसर को दी मात



उत्तराखंड के बाजपुर की अमरजीत कौर (63 वर्ष) को वर्ष 2013 में पेट दर्द की तकलीफ हुई। बेटे मंजीत सिंह ने उन्हें बाजपुर में स्थानीय चिकित्सक को दिखाया। जांच कराई तो सर्विक्स कैंसर का पता चला। करीब डेढ़ वर्ष उपचार के बाद अमरजीत कौर ने कैंसर पर जीत हासिल की।

### हफीज को हुआ था गले का कैंसर, अब पूरी तरह स्वस्थ



शहर के मोहनपुर निवासी हफीज अहमद (65 वर्ष) को 2015 में गले का कैंसर हुआ। कई जगह दिखाने के बाद हफीज अहमद डॉ. पियूष से मिले और इलाज आरंभ हुआ। करीब ढाई वर्ष इलाज के बाद हफीज अहमद पूरी तरह कैंसर मुक्त हुए। अब हफीज रिश्तेदारों और संबंधियों को कैंसर के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### कमला को ओवरी कैंसर से इलाज के बाद मिली निजात



पीलीभीत के गांव सिमायरा गौसिया निवासी कमला देवी (46 वर्ष) को वर्ष 2015 में पेट में गैस की समस्या हुई। पीलीभीत में स्थानीय डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने पेट का आपरेशन कर गांठ निकाली। जांच में कैंसर के लक्षण मिले। इसके बाद जांच में कमला को ओवरी कैंसर का पता चला। कैंसर से मुक्त होकर कमला लोगों को जागरूक कर रही हैं।

### महेश चंद्रा को हुआ गले का कैंसर, इलाज से पूरी तरह हुए स्वस्थ



बदायूं के महेश चंद्रा (63 वर्ष) के गले में गांठ थी। वर्ष 2015 में उसमें से खून आना आरंभ हुआ। स्थानीय चिकित्सक से की सलाह पर महेश चंद्रा ने बायोप्सी कराई, जिसमें गले के कैंसर होने की जानकारी मिली। करीब एक वर्ष उपचार के बाद महेश चंद्र पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

### रामवती ने लड़कर ब्रेस्ट कैंसर को किया पराजित



इज्जतनगर स्थित रोड नंबर एक निवासी रामवती (60 वर्ष) के ब्रेस्ट में गांठ थी। धीरे-धीरे दर्द होने लगा। परेशान होकर उनके परिजनों ने डॉक्टर को दिखाया। जांच में ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी हुई। करीब डेढ़ वर्ष इलाज के बाद रामवती को ब्रेस्ट कैंसर से निजात मिली। परिवार के साथ रामवती कैंसर के मरीजों को जागरूक करती हैं।

### मधु ने खाने की नली के कैंसर को हराया



हरदोई की मधु (66 वर्ष) को वर्ष 2015 में खाना खाने में दिक्कत होने लगी, इस पर उनके पति मदन गोपाल ने चिकित्सक से सलाह ली। मधु की जांच रिपोर्ट में उन्हें खाने की नली में कैंसर होने का पता चला। छह महीने उपचार के बाद मधु स्वस्थ हुईं और उन्होंने खाना आरंभ कर दिया है।

# मंडलायुक्त के निर्देश पर सीडीओ ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डीडीपुरम में अधिकारियों के साथ निरीक्षण करतीं सीडीओ। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीडीपुरम उपकेंद्र से मूर्ति नर्सिंग होम तक भूमिगत केबल बिछाने के लिए केवल दो गड्ढों की अनुमति पर 42 गड्ढे खोद दिए जाने का मामला अब जांच के दायरे में आ गया है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी के निर्देश पर सीडीओ देवयानी ने मौका मुआयना किया। इस दौरान बिजली विभाग के अभियंता और शिकायतकर्ता पार्षद कपिल कांत भी मौजूद रहे।

पार्षद ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग, नगर निगम और ठेकेदार ने मिली अनुमति का दुरुपयोग कर 42 गड्ढे खोदने का खेल किया। उनका कहना था कि नगर निगम से केवल दो गड्ढों की अनुमति होने के बावजूद दस्तावेजों में संख्या बढ़ाकर 42 दिखा दी गई और ठेकेदार को इसी आधार पर भुगतान करने की योजना तैयार की गई थी। दावा किया कि यह भ्रष्टाचार पहले से योजनाबद्ध था और रोड कटिंग शुल्क के नियमों का उल्लंघन किया गया। जांच के दौरान सीडीओ देवयानी ने बिजली विभाग के अभियंताओं से इस पूरी योजना के बारे में पूछताछ की तो पार्षद के लगाए कई आरोप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत हुए। सीडीओ ने सभी तथ्यों की रिपोर्ट कमिश्नर को सौंपने की बात कही है। पार्षद कपिल कांत ने बताया कि उन्होंने निगम बोर्ड बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। बताते हैं कि ठेकेदार को सवा करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही निर्धारित किया जा चुका था।

- डीडीपुरम उपकेंद्र से मूर्ति नर्सिंग होम तक बिछाई है भूमिगत केबल
- अभियंताओं से की पूछताछ मंडलायुक्त को रिपोर्ट भेजने की तैयारी

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए : मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने केंद्र और प्रदेश सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है।

- मौलाना ने केंद्र और प्रदेश सरकार से की मांग

मौलाना का कहना है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने से बहुत से मसले हल हो जाएंगे। कहा कि इस्लाम के नजरिये से देखा जाए तो गाय के दूध में शिफा है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है तो वहीं गोमांस खाने से बीमारियां होती हैं। शहाबुद्दीन रजवी ने मुसलमानों से गाय को पालने की भी अपील की है।

# सिल्ट व गोबर देखकर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर आयुक्त ने वार्डों में पैदल घूमकर देखी सफाई व्यवस्था
- सुबह सात बजे किया निरीक्षण नाली में डंडा डालकर देखी हकीकत



मढ़ीनाथ में निरीक्षण करते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सुबह करीब सात बजे वार्ड 25 मढ़ीनाथ और वार्ड 13 शांति विहार पहुंचे और पैदल ही गलियों का निरीक्षण शुरू किया। गलियों की सफाई व्यवस्था देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया, लेकिन मढ़ीनाथ की नालियों में लगभग एक फीट तक जमा सिल्ट और गोबर देखकर गहरी नाराजगी जताई।

नगर आयुक्त ने मौके पर ही डंडा उठाकर नाली में गंदगी की स्थिति देखी और अधिकारियों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान न केवल वार्डों की गलियों का जायजा लिया, बल्कि सुबह-सवेरे घूमने निकले लोगों से भी फीडबैक लिया। नागरिकों की शिकायतें सीधे सुनीं। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि सफाई केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई से ही शहर को स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण से सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। उन्होंने अधीनस्थों को भी वार्ड वार निरीक्षण के निर्देश दिए।

## मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए वीर हनुमान से प्रेरणा लेने की जरूरत

**बरेली, अमृत विचार:** बदायूं रोड पर बालाजी मंदिर के पास स्थित पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बाल सभा में बच्चों को बाल रामायण से रूबरू कराया गया। हनुमान चालीसा का पाठ भी कराया गया। बच्चों को बताया गया कि वीर बजरंगी की गाथा संपूर्ण सृष्टि में वंदनीय है। सनातन धर्म, मानवीय मूल्यों की रक्षा और दुष्टों के अंत के लिए वीर हनुमान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सिमरन गुप्ता, डॉ दीपंकर गुप्त, सुनीला सक्सेना, गीता माथुर, ज्योति मिश्रा, दीपमाला सक्सेना, अनुराधा, शिखा मिश्रा, शैली सक्सेना, सपना वर्मा, मोनिका तिवारी मौजूद रहे।

**श्रद्धा** श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा को दिया विश्राम

# मोह त्याग कर प्रभु के चरणों में समर्पण की दी शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



श्री हरि मंदिर में कथा सुनते श्रद्धालु। • अमृत विचार



कथा सुनाते डॉ. उमाकांतानंद।

**अमृत विचार:** श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का मंगलवार को विश्राम हो गया। स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती महाराज ने श्रीराम कथा में मानवीय प्रवृत्तियों और दैवीय शक्तियों के संबंध पर जोर दिया। बताया कि यदि व्यक्ति में प्रेम, संवेदना, करुणा, साहस, और बलिदान जैसे सद्गुण हैं तो देव शक्तियां उन्हें अपना वाहक बना लेती हैं, जिससे जीवन सार्थक हो जाता है।

डॉ. उमाकांतानंद ने श्रीराम कथा के अंतिम दिन राम राज्याभिषेक, भरत मिलाप और भक्ति-ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के अंतिम चरण में ज्ञान-भक्ति के शरीर धारण करने, सांसारिक मोह त्याग और प्रभु के चरणों में समर्पण की शिक्षा दी। कथा का विश्राम श्रीराम के अयोध्या लौटने और राज्याभिषेक के आनंदमयी प्रसंग से हुआ। यह बताया जाता है कि ज्ञान और भक्ति का समन्वय ही जीवन का सार है। भगवान के चरणों में ही वास्तविक शांति है, यह संदेश अंतिम दिन विशेष रूप से दिया। कथा के दौरान भजनों से वातावरण भक्तिमय बन गया। पीपी सिंह, संजय अग्रवाल, रविशरण सिंह चौहान, राजपाल सिंह, सोनिया अतुल कपूर, अतुल वर्मा, साकेत सुधांश शर्मा, राकेश कश्यप, सुशील अरोड़ा, रवि छाबड़ा, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, जेआर गुप्ता, सुरेश भाटिया, राजेश सेठ, गुलशन अरोड़ा आदि शामिल रहे।

## देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कन्वेंशन आज

**बरेली, अमृत विचार :** श्रम कानूनों की बहाली को लेकर इंटक व सीटू आदि श्रम महासंघों, स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए बुधवार को श्रमिक प्रतिनिधियों का संयुक्त कन्वेंशन नेहरू युवा केंद्र में होगा।

इस संबंध में इंटक, संयुक्त किसान मोर्चा, सीटू, ऐक्टू, उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति व मजदूर मंडल की संयुक्त बैठक मंगलवार को यूपीएमएसआरए कार्यालय पर हुई। सतीश मेहता, डॉ. रवि नागर, राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, राजीव शांत, लक्ष्मण सिंह राना आदि मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा



एसीएम को ज्ञापन देने पहुंचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को प्रदेश कार्यक्रम के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय को सौंपा। महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने कहा कि जीएसटी में विलंब से टैक्स जमा होने पर लगने वाला 18 प्रतिशत ब्याज घटाकर 9 प्रतिशत किया जाए। जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों का दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किया जाए। अमरजीत सिंह बख्शी, दानिश जमाल, पुष्पेंद्र शुक्ला, विशाल सक्सेना, राजा सेठ, अमरप्रीत, हरजीत सिंह, जफर बेग, केसर रजा, निर्भय तिवारी, गौरांग, सोनू गुजराल, केपी यादव, धीरज आदि मौजूद रहे।